बाल भारती पब्लिक स्कूल ,पीतमपुरा

कक्षा -चौथी दिनांक -०५ .१०.२०२० -०९ १०.२०२०

विषय : और माटी निहाल हो गई

उपविषय : शब्द -अर्थ एवं प्रश्न- उत्तर

शिक्षण अधिगम

- प्रत्येक छात्र कम से कम ३ से ४ शब्दों के अर्थ समझ कर उनका वाक्य में उचित प्रयोग कर सकेगा |
- प्रत्येक छात्र कम से कम ३ से ४ प्रश्नो के उत्तर दे सकेगा |

हमने पढ़ा:-

रास्तापाल गाँव के विद्यालय के दो शिक्षक नाना भाई तथा सेंगा भाई बच्चों में देश भक्ति की भावना भरने का काम करते थे | उनके इन प्रयासों से नाराज़ अंग्रेज़ सरकार ने अपने अधिकारियों को भेज कर इस विद्यालय को बंद करने की आज्ञा दी |दोनों अध्यापकों ने इसका विरोध किया जिसके जवाब में सिपाहियों ने अध्यापक सेंगा भाई से मारपीट की | इस घटना को विद्यालय की छात्रा काली बाई ने देखा | इसका विरोध करते हुए वह दराँती उठा कर सिपाहियों की तरफ दौड़ी | अचानक हुई इस घटना से अंग्रेज़ अधिकारी घबरा गया और उसने सिपाहियों को गोली चलाने का आदेश दिया |काली बाई की मृत्यु हो गई |सच्ची देशभक्ति का परिचय देते हुए काली बाई ने अपना बलिदान दिया |

समझें और दोहराएँ :-

शब्द -अर्थ

गुलाम - परतंत्र

आनन्-फ़ानन – तुरंत

अत्याचार – जुल्म

दराँती -हँसिया

आदेश -आज्ञा

निर्भीकता -न डरने का भाव

घृणा -नफ़रत

संग्राम - युद्ध

भनक - जानकारी

प्रश्न १) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए :-

क) काली बाई कितने वर्ष की थी ?

____

ख) अध्यापकों के क्या नाम थे ?

____

ग) अध्यापक बच्चों को क्या सिखा रहे थे ?

____

घ) कालीबाई ने किस औज़ार से रस्सी काटी ?

____

प्रश्न २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर २० -३० शब्दों में दीजिए :-

क) विद्यालय की हवा में कैसे गीत गूँजते थे ?

____
____
____

ख) दोनों अध्यापकों को किससे घृणा थी और क्यों ?

____
____
____
____

ग) कालीबाई सिपाहियों के पीछे क्यों दौड़ी ?

____
____
____
____

घ) राजस्थान के घर -घर में किसके बलिदान की कहानी आज भी सुनाई जाती है ?

____
____-
____
____

BBPSP

ड.) कालीबाई के समान ही किसी अन्य साहसी ,भारतीय वीरांगना के बारे में जानकारी जुटाएँ तथा ३०-४० शब्दों में लिखें व चित्र भी चिपकाएँ |

____

____

____

____

____

BBPSPP